राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री बागडे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया

## एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचार आज भी प्रासंगिक – राज्यपाल

जयपुर, 24 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती (25 सितम्बर) पर उन्हें स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद की मौलिक विचार दृष्टि हमें दी। उनके अंत्योदय के विचारों और शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए हमें समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

----